# कार्यालय–खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र झाँसी

पत्रांक / आर०टी०ई० / 828–829 / 2021–22 दिनांक 18.12.2021

सेवा में

प्रधानाध्यापक / प्रबंधक महोदय

Carmel Convent हसारी

विषय– निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(c) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा–1 / पूर्व प्राथमिक कक्षा में शैक्षिक सत्र 2021–22 हेतु बच्चों के प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी झांसी के पत्रांक / आर०टी०ई० / 2875–80 / 2021–22 दिनांक 26.08.2021 एवं पत्रांक सं० / आर०टी०ई० / 3200–02 / 2021–22 दिनांक 07.09.2021 के क्रम में आप तत्काल ऑनलाइन पार्टल www.rte.upsdc.gov.in पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(c) के अन्तर्गत प्रवेशित एवं अध्ययनरत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों की शुल्क प्रतिपूर्ति एवं वित्तीय सहायता हेतु मांग अपलोड करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये है

आपको निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाइन पार्टल www.rte.upsdc.gov.in पर विद्यालय का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करने के पश्चात निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(c) के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों की शुल्क प्रतिपूर्ति एवं वित्तीय सहायता हेतु ऑनलाइन पार्टल पर विवरण अपलोड किये जाने एवं मांग के सापेक्ष वास्तविक रूप से बच्चों के अध्ययनरत होने का सत्यापन अपलोड करने के पश्चात सलग्न निर्धारित प्रारूप पर अधोहस्ताक्षरी से प्रतिहस्ताक्षरित कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

उक्त ऑनलाइन पार्टल रजिस्ट्रेशन हेतु सीमित समय के लिये पुनः खोला गया। अतः उक्त महत्वपूर्ण कार्य का समयान्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

सत्र 2016–17, 2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22 हेतु आवंटित छात्रों का विवरण अपलोड करने के पश्चात छात्रों की संख्या सुलग्न निर्धारित प्रारूप पर पत्र प्राप्ति के दिवस ही प्रत्येक दशा में 02 प्रतियों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि सूचना शासन को भेजी जा सके। अगर वापिसी डाक तक सूचना प्राप्त नही है तो देर से प्राप्त होने पर विचार नही किया जायगा एवं सम्बन्धित छात्रों की फीस की धनराशि सम्बन्धी जिम्मेदारी आपकी होगी।

इस संम्बन्ध में बैठक दिनांक 22/12/21 समय प्रातः / दोपहर 10 बजे से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आहुत की गई है पत्र के साथ में प्राप्त करायें गये प्रारुप को संशोधित एवं सत्यापन कर बैठक में जमा कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–निर्धारित प्रारूप।

18/12/21

खण्ड शिक्षा अधिकारी
नगर क्षेत्र झाँसी

पृष्ठांकन सं० / / 2021–22 / तददिनांक

प्रतिलिपि–1.जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय झांसी को सूचनार्थ प्रेषित।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
नगर क्षेत्र झाँसी

Manager
Carmel Convent School
Hasari-Jhansi

Carmel Convent ...
Hasari, Jhansi (U.P.)